रखना सांवरे , अपना बनाइके

रखना सांवरे , अपना बनाइके

अँखियो में रखले कान्हा ,
पलके बंद करले कान्हा
काजल बनाइके
रखना सांवरे , अपना बनाइके

हाथो में रखले कान्हा
मुट्ठी बंद कर ले कान्हा
मेहंदी बनाइके
रखना सांवरे , अपना बनाइके

हमको अपनाले बाबा
गले लगा ले बाबा
गजरा बनाइके
रखना सांवरे , अपना बनाइके

तन पर सजाले बाबा
सोभा भदाले बाबा
बागो बनाइके
रखना सांवरे , अपना बनाइके

बर्तन मँजवाले बाबा
झाड़ू लगवाले बाबा
नौकर बनाइके
रखना सांवरे , अपना बनाइके

बनवारी गोद खिलाओ
रोजाना प्यार लुटावो
बेटा बनाइके
रखना सांवरे , अपना बनाइके

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/2471/title/rakhna-sanwre-apna-banake

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |